# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक-02.04.2025**

**थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से चोरी के ड्रोन कैमरा, वीडियो कैमरा, व लैपटॉप आदि सामान बरामद-**

वादी चमन सिंह भारती पुत्र स्व0 मुन्नालाल भारती निवासी आजाद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा थाना मसौली क्षेत्रान्तर्गत शहावपुर नहरिया में स्थित इवेंट मैनेजमेण्ट गोदाम/कार्यालय से दिनांक 16/17.01.2025 की रात्रि वीडियो कैमरा, ड्रोन, लैपटॉप आदि सामान चोरी होने के सम्बन्ध में थाना मसौली पर सूचना दी गई। उक्त सूचना पर थाना मसौली पर मु0अ0सं0 37/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा घटना के अनावरण व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में आज दिनांक 02.04.2025 को थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों 1. मुनेन्द्र सिंह पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम रौरापुर थाना तालगांव जनपद सीतापुर, 2. उपेन्द्र कुमार पटेल पुत्र सिलेख चन्द्र वर्मा निवासी बम्हनापुर पोस्ट तालगांव थाना तालगांव जनपद सीतापुर, 3. राजा सिंह पुत्र स्व0 रमेश सिंह निवासी ग्राम लखनापुर थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर व 4. मो0 शाद पुत्र स्व0 अजहर अली निवासी ग्राम बीबीपुर थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से चोरी का 01 अदद ड्रोन कैमरा, 02 अदद वीडियो कैमरा, 01 अदद लैपटॉप बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि बरामद सामान गिरफ्तार अभियुक्त मुनेन्द्र सिंह उपरोक्त द्वारा अपने अन्य साथी अजय पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम बांसा थाना मसौली जनपद बाराबंकी हालपता ग्राम रानी बाजार थाना रामनगर जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर दिनांक 16/17.01.2025 की रात्रि को शहावपुर नहर पुलिया के पास स्थित गोदाम से चोरी किया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना मसौली पर मु0अ0सं0 37/2025 धारा 305/317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत है। वांछित अभियुक्त अजय उपरोक्त वादी का दूर का रिश्तेदार है जो पूर्व में गोदाम पर कार्य करता था। अभियुक्त मो0 शाद, उपेन्द्र कुमार पटेल व राजा सिंह उपरोक्त द्वारा चोरी किया गया सामान मुनेन्द्र सिंह व अजय से खरीदा गया था। वांछित अभियुक्त अजय उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1. मुनेन्द्र सिंह पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम रौरापुर थाना तालगांव जनपद सीतापुर
2. उपेन्द्र कुमार पटेल पुत्र सिलेख चन्द्र वर्मा निवासी बम्हनापुर थाना तालगांव जनपद सीतापुर

3. राजा सिंह पुत्र स्व0 रमेश सिंह निवासी ग्राम लखनापुर थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर
4. मो0 शाद पुत्र स्व0 अजहर अली निवासी ग्राम बीबीपुर थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर

**बरामदगी-**

1. 01 अदद ड्रोन कैमरा
2. 01 अदद लैपटॉप
3. 02 अदद वीडियो कैमरा

**पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह थाना मसौली जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री उमेश प्रसाद थाना मसौली जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 लवकुश सिंह, थाना मसौली जनपद बाराबंकी
4. का0 विकास कुमार, का0 सचिन कुमार थाना मसौली जनपद बाराबंकी